Regarding need to start air services under RCS-UDAN Scheme at Hamirgarh airstrip in Bhilwara, Rajasthan-Laid

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) **:** भीलवाड़ा स्थित हमीरगढ़ हवाईपट्टी को सरकार द्वारा उड़ान दस्तावेज में असेवित हवाई पट्टियों की सूची में सूचीबद्ध किया गया है तथा क्षेत्रीय उड़ान योजना के अंतर्गत हवाई सेवा शुरू करने के लिए 5 चरण पूरे होने तक आर.सी.एस. - उड़ानों के परिचालन के लिए हमीरगढ़ हवाईपट्टी को जोड़ने वाला कोई भी मार्ग किसी भी एयरलाइन को अवार्ड नहीं किया गया है, जबकि वर्ष 2019 में उड़ान 4.0 योजना के दौरान बोलियां प्राप्त हुई थी लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण हमीरगढ़ हवाईपट्टी को जोड़ने की बोली, एयरलाइनों को अवार्ड नहीं की जा सकी भीलवाड़ा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर "वस्त्र नगरी" के रूप में ख्याति प्राप्त कर बड़े इंडस्ट्रियल हब के रूप में स्थापित है, यहाँ भारी संख्या में व्यापारियों और उद्योगपतियों का आवागमन है । लेकिन हमीरगढ़ हवाई पट्टी पर हवाई सेवा उपलब्ध न होने के कारण या तो 135 किलोमीटर दूर उदयपुर एयरपोर्ट या फिर 250 किलोमीटर दूर जयपुर एयरपोर्ट से आवागमन करना पड़ता है जिससे समय की बर्बादी होती है । अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि हमीरगढ़ हवाईपट्टी पर क्षेत्रीय उड़ान योजना के अंतर्गत दिल्ली मुंबई अहमदाबाद सहित प्रमुख शहरों की हवाई सेवा शुरू की जाए ।